पंजाब केसरी 04/12/2024

जी.एम.एन. कॉलेज में महिला जागरुकता के लिए चलाया डिजिटल अभियान

अम्बाला, 3 दिसम्बर (बलराम): छावनी के गांधी मैमोरियल नैशनल कॉलेज में प्राचार्य डा. रोहित दत्त के मार्गदर्शन में मैनेजमैंट डिपार्टमैंट द्वारा लिंग आधारित हिंसा को खत्म करने और महिला अधिकारों के बारे में जागरुकता बढ़ाने के लिए एक डिजिटल अभियान चलाया गया।



महिला अधिकारों के बारे में डिजिटल अभियान का संचालन करतीं प्राध्यापिका।

अभियान की जानकारी देते हुए कार्यक्रम की संयोजिका डा. भारती सूजान ने बताया कि इसके अंतर्गत विद्यार्थियों ने वीडियो क्लिप के माध्यम से महिला सशक्तिकरण के बारे में अपने विचार प्रस्तुत किए और लोगों के साथ साझा किए। इस गतिविधि का नेतृत्व डा. भारती सुजान ने किया, जिन्होंने छात्रों को अपने दृष्टिकोण साझा करने के लिए भी प्रेरित किया।

इस अभियान ने आज के युवाओं की मानसिकता को दिखाया कि वे इस समाज के बारे में सकारात्मक सोचते हैं और आधुनिक महिलाओं के अधिकारों को अच्छी तरह से समझते हैं। अभियान में न केवल लड़कियों, बल्कि लड़कों ने भी पूरे जोश और विश्वास के साथ भाग लिया। डा. रोहित दत्त ने भी विद्यार्थियों की सराहना करते हुए कहा कि वह भविष्य के समाज को एक निष्पक्ष समाज के रूप में देखते हैं।